# प्रीति जिंटा ने अमेरिका में जन्माष्टमी मनाई

**बॉलीवुड** अभिनेत्री प्रीति ज़िंटा, जो कई वर्षों से अमेरिका में रह रही हैं. हाल ही में अपने प्रशंसकों को अपने जन्माष्टमी समारोह की एक दिल को छू लेने वाली झलक दिखाई. अभिनेत्री वैली हिंदू मंदिर में उत्सव में शामिल हुईं और सोशल मीडिया पर इसकी खूबसूरत झलकियाँ साझा कीं, इस अनुभव को भावपूर्ण, आनंदमय और बेहद यादगार बताया.

अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में, प्रीति ने मंदिर में जन्माष्टमी के उत्सव की कई तस्वीरें साझा कीं, जिनमें जन्माष्टमी की जीवंत ऊर्जा साफ़ दिखाई दे रही थी. यह कार्यक्रम भक्ति, हँसी और सांस्कृतिक बंधन से भरपूर था. बच्चों को भी आनंद लेते हुए देखा जा सकता था, जो उत्सव में मासूमियत और उत्साह भर रहे थे.प्रीति ने कैप्शन में अपनी खुशी ज़ाहिर की. वैली हिंदू मंदिर में जन्माष्टमी का उत्सव वाकई दिल को छू लेने वाला और बेहद मज़ेदार था. दोस्त, परिवार, समुदाय और भक्ति, सब एक साथ. बच्चे बहुत उत्साहित थे, और मुझे इसका हर पल बहुत पसंद आया.अभिनेत्री ने मंदिर के पुजारी, उनके परिवार और मंदिर समुदाय को उनके गर्मजोशी और आतिथ्य के लिए हार्दिक धन्यवाद भी दिया. उन्होंने लिखा- पंडित जी, उनके खूबसूरत परिवार और मंदिर के सभी लोगों का बहुत-बहुत धन्यवाद, जिन्होंने हमें इतना स्वागत और प्यार दिया. पेश है एक छोटी सी झलक. जय श्री कृष्ण. सराधेराधे सटिंग

उनके शब्दों ने उत्सव के साथ उनके भावनात्मक जुड़ाव को दर्शाया, यह दिखाते हुए कि कैसे भारत से मीलों दूर होने के बावजूद, भारतीय परंपराओं की भावना लोगों को एक साथ लाती है.काम के मोर्चे पर, अभिनेत्री के प्रशंसकों के पास जश्न मनाने का एक और कारण है. सिल्वर स्क्रीन से लंबे अंतराल के बाद, प्रीति जिंटा फिल्म निर्माता राजकुमार संतोषी की आगामी फिल्म 'लाहौर 1947' के साथ बॉलीवुड में शानदार वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं.

यह फिल्म उनकी बहुप्रतीक्षित वापसी है और उन फिल्म प्रेमियों के बीच पहले से ही चर्चा का विषय बनी हुई है, जो उनके आकर्षण और स्क्रीन पर उनकी उपस्थिति को मिस कर रहे थे. अमेरिका में अपने आध्यात्मिक उत्सवों और भारत में सिनेमा में वापसी के साथ, प्रीति जिंटा अपनी निजी खुशी और पेशेवर उत्साह के बीच बखूबी संतुलन बना रही हैं.



# 91 वर्ष के हुये गुलजार

**बॉलीवुड** के जानेमाने फिल्मकार,शायर और गीतकार गुलजार आज 91 वर्ष के हो गये.

पंजाब. अब पाकिस्तान के. झेलम जिले के एक छोटे से कस्बे दीना में कालरा अरोरा सिख परिवार में 18 अगस्त 1934 को जन्में संपूर्ण सिंह कालरा गुलजार को स्कूल के दिनों से ही शेरो-शायरी और वाद्य संगीत का शौक था. कॉलेज के दिनों में उनका यह शौक परवान चढ़ने लगा और वह अक्सर मशहूर सितार वादक रविशंकर और सरोद वादक अली अकबर खान के कार्यक्रमों में जाया करते थे .भारत विभाजन के बाद गुलजार का परिवार अमृतसर में बस गया लेकिन गुलजार ने अपने सपनों को पूरा करने के लिए मुंबई का रूख किया और वर्ली में एक गैरेज में कार मैकैनिक का काम करने लगे.



गैरेज के पास ही एक बुकस्टोर वाला था जो आठ आने के किराए पर दो किताबें पढ़ने को देता था. गुलजार को वहीं पढ़ने का चस्का सा लग गया था. एक दिन फिल्मकार विमल रॉय की कार खराब हो गई. संयोग से विमल रॉय उसी गैरेज पर पहुंचे गए जहां गुलजार काम किया करते थे. विमल रॉय ने गैरेज पर गुलजार और उनकी किताबों को देखा. पूछा कौन पढ़ता है यह सब? गुलजार ने कहा, मैं! विमल रॉय ने गुलजार को अपना पता देते हुए अगले दिन मिलने को बुलाया. गुलज़ार जब विमल रॉय के दफ़्तर गये तो उन्होंने कहा कि अब कभी गैरेज में मत जाना. इसके बाद वह बिमल राय के सहायक बन गए.

गीतकार के रूप मे गुलजार ने पहला गाना 'मेरा गोरा अंग लेई ले' वर्ष 1963 मे प्रदर्शित विमल राय की फिल्म 'बंदिनी' के लिये लिखा. गुलजार इसके बाद कवि के रूप मे प्रोग्रेसिव रायर्टस एसोसिएशन पी.डब्लू.ए से जुड़े गये. गुलजार ने वर्ष 1971 मे प्रदर्शित फिल्म 'मेरे अपने' के जरिये निर्देशन के क्षेत्र मे भी कदम रखा.

# दिव्या खोसला के पोस्ट से खुलासा

**अक्सर** फिल्मी जगत में कई हस्तियां अपने किरदारों के लिए काफी मेहनत और तैयारी करते हैं. कोई अपनी बॉडी पर काम करता है तो कोई अपनी भाषा पर. अभिनेत्री दिव्या खोसला ने भी अपनी आने वाली फिल्म 'एक चतुर नार' के लिए कुछ ऐसा ही किया है, लेकिन उनकी रोल के लिए तैयारी ने थोड़ा चौंका दिया है.

दरअसल दिव्या ने खुलासा किया है कि उन्होंने फिल्म के किरदार को समझने के लिए लखनऊ की एक झुग्गी में रहकर वहां की जिंदगी को महसूस किया.'एक चतुर नार' में दिव्या एक झुग्गी में रहने वाली महिला की भूमिका निभा रही हैं. इस किरदार को असली बनाने के लिए उन्होंने केवल स्क्रिप्ट पर भरोसा नहीं किया, बल्कि खुद उस जिंदगी को जिया. लखनऊ की एक झुग्गी में बिना मेकअप, साधारण सलवार-कमीज और गले में काले धागे के साथ कुछ दिन बिताए, ताकि वह किरदार की भावनाओं और परिस्थितियों को गहराई से समझ सकें.फिल्म के पहले पोस्टर में दिव्या एक गृहिणी के किरदार में नजर आ रही हैं. उनके हाथों में सब्जियां हैं और चेहरे पर एक मुस्कान.

वहीं, नील नितिन मुकेश, जो इस फिल्म में उनके साथ मुख्य भूमिका में हैं, फॉर्मल सूट में बंदूक थामे खड़े हैं. पोस्टर से ही साफ है कि यह फिल्म किसी गंभीर विषय को पर्दे पर लेकर आने वाली है.



# प्राइम वीडियो ने की नई सीरीज 'राख' की घोषणा

**प्राइम** वीडियो ने अपनी नयी सीरीज़ 'राख' की घोषणा कर दी है. इस सीरीज़ को एंडेमोलशाइन इंडिया और गुलबदन टॉकीज़ ने प्रोड्यूस किया है. निर्देशन की कमान प्रोसित रॉय ने संभाली है. वहीं, इसे बनाया, लिखा और को-डायरेक्ट अनुषा नंदकुमार और संदीप साकेत ने किया है. डायलॉग्स आयुष त्रिवेदी ने लिखे हैं. इस सीरीज़ में अली फज़ल, सोनाली बेंद्रे और आमिर बशीर लीड रोल में नज़र आने वाले हैं. 'राख' वर्ष 2026 में प्राइम वीडियो पर रिलीज़ होगी और एक साथ 240 से ज़्यादा देशों और क्षेत्रों में स्ट्रीम होगी.

प्रोसित रॉय ने कहा, हम फिल्ममेकर ऐसी कहानियां बनाना पसंद करते हैं जो सिर्फ एंटरटेन न करें, बल्कि सोचने पर भी मजबूर करें. 'राख' वैसी ही कहानी है. यह एक गहरी दुनिया दिखाती है, जहाँ इंसान की असली फितरत और उसके अलग-अलग रंग सामने आते हैं. उन्होंने कहा,अनुषा और संदीप ने ऐसी स्टोरी लिखी है जो सही और गलत के बीच के धुंधले हिस्से, न्याय और माफी जैसे मुद्दों पर बात करती है. साथ ही यह दर्शकों को शुरू से अंत तक जोड़े रखती है. मेरे लिए यह सीरीज़ भारतीय कहानियों को आगे ले जाने वाला एक बड़ा कदम है, जिसमें जोरदार ड्रामा और मज़बूत किरदार दोनों हैं.

प्रोसित ने कहा, प्राइम वीडियो के सपोर्ट और हमारी कास्ट अली फ़ज़ल, सोनाली बेंद्रे और आमिर बशीर की शानदार एक्टिंग ने इस कहानी को और गहराई दी है. मुझे बहुत खुशी है कि हम इस दमदार और सोचने पर मजबूर करने वाली सीरीज़ को दुनिया भर के लोगों तक पहुँचाने जा रहे हैं.




# करन टैकर ने भय की डबिंग शुरू की

**बॉलीवुड** अभिनेता करण टैकर ने अपनी आने वाली सीरीज भय गौरव तिवारी मिस्ट्री की डबिंग शुरू कर दी है.

स्पेशल ऑप्स 2 में एजेंट फारूक अली के दमदार किरदार से दर्शकों का दिल जीतने के बाद, करन टैकर अब भय ङ्क द गौरव तिवारी मिस्ट्री में नजर आयेंगे.सीरीज भय- द गौरव तिवारी मिस्ट्री ,भारतीय पैरानॉर्मल इन्वेस्टिगेटर गौरव तिवारी के जीवन पर आधारित होगा. गौरव तिवारी वास्तविक जीवन में एक पैरानॉर्मल इन्वेस्टिगेटर थे, जिन्होंने अदृश्य रहस्यों को उजागर करने के लिए अपना जीवन समर्पित किया. दिल्ली के द्वारका स्थित उनके घर पर सात जुलाई 2016 को उनका शव मिला था. सुपरनैचुरल शक्तियों की इस कहानी में करण टैकर ,गौरव तिवारी की भूमिका निभाते नजर आएंगे.करन ने इंस्टाग्राम पर बीटीएस झलक शेयर की, जहाँ उन्होंने बताया कि सीरीज़ की डबिंग शुरू हो चुकी है.



करन टैकर ने कहा, मैं इस प्रोजेक्ट के लिए बेहद एक्साइटेड हूँ. 'भय' मेरे लिए बहुत स्पेशल है क्योंकि ये गौरव तिवारी की ज़िंदगी पर आधारित है. गौरव एक रहस्यमयी शख्सियत थे.एक तरफ शानदार कामयाबियां, तो दूसरी तरफ विवाद, और उनकी मौत आज भी एक अनसुलझा राज़ है. डबिंग करते हुए मुझे वही इंटेंसिटी महसूस हुई जो शूटिंग के दौरान हुई थी. उम्मीद है इस सीरीज़ के ज़रिए दर्शक सिर्फ पैरानॉर्मल वर्ल्ड से ही नहीं, बल्कि उस इंसान से भी जुड़ पाएँगे जो हर रहस्य के पीछे खड़ा था.

# मराठी नर्तकी का किरदार निभायेंगी श्रद्धा कपूर!

**बॉलीवुड** अभिनेत्री श्रद्धा कपूर सिल्वर स्क्रीन पर मराठी नर्तकी विठाबाई नारायणगावकर का किरदार निभाती नजर आ सकती है. बॉलीवुड में चर्चा है कि छावा के निर्देशक लक्ष्मण उटेकर अब एक नई और दमदार फिल्म की तैयारी कर रहे हैं. यह फिल्म दिनेश विजान की मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बन रही है. इस फिल्म में श्रद्धा कपूर लीड रोल निभाती नजर आ सकती है. इस फिल्म में श्रद्धा कपूर मराठी नौटंकी नर्तकी विठाबाई नारायणगावकर का किरदार निभाएंगी. विठाबाई नारायणगावकर को 'तमाशा क्वीन' के नाम से भी जाना जाता है.

# जाह्नवी ने हजरतगंज में चखी लखनवी चाट

**हजरतगंज** में रविवार को उस समय उत्साह का माहौल बन गया, जब बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा और अभिनेत्री जाह्नवी कपूर अपनी नई फिल्म के प्रचार के लिए शहर में नजर आए. आमतौर पर सितारे फिल्म प्रमोशन के लिए होटल या सभागारों में कार्यक्रम करते हैं, लेकिन इस बार इन दोनों ने लखनऊ की सड़कों पर अनौपचारिक अंदाज में लोगों को हैरान कर दिया.

हजरतगंज की प्रसिद्ध चाट की दुकान पर सिद्धार्थ और जाह्नवी लखनवी बास्केट चाट का स्वाद लेने पहुंचे. जैसे ही यह खबर जंगल में आग की तरह फैली, वहां प्रशंसकों की भीड जमा हो गई. लोग अपने पसंदीदा सितारों को देखने, उनके साथ सेल्फी लेने और वीडियो बनाने के लिए उत्साहित दिखे.

लगभग 10 मिनट तक दोनों सितारों ने दुकान पर समय बिताया और लखनवी चाट का लुत्फ उठाया. सिद्धार्थ ने हंसते हुए बास्केट चाट उठाकर कैमरे की ओर पोज दिया, वहीं जाह्नवी ने प्रशंसकों के अनुरोध पर उनके साथ कुछ तस्वीरें खिंचवाई. यह पल वहां मौजूद लोगों के लिए एक यादगार आश्चर्य से कम नहीं था.







# यामाहा के 2 नए हाइब्रिड स्कूटर भारत में लॉन्च

**यामाहा** ने भारत में अपनी 125cc Fi हाइब्रिड स्कूटर रेंज को और अपग्रेड कर दिया है. अब Fascino 125 Fi Hybrid और RayZR 125 Fi Hybrid नए स्मार्ट फीचर्स, बेहतर परफॉर्मेंस और फ्रेश कलर्स के साथ पेश किया हैं.

**इनहैंस्ड पावर असिस्ट से स्मूद पिकअप** - अब इन स्कूटरों में इनहैंस्ड पावर असिस्ट फंक्शन दिया गया है. ये फीचर यामाहा की असली हाइब्रिड टेक्नोलॉजी पर आधारित है. इससे स्टार्ट और पिकअप पहले से ज्यादा तेज और दमदार हो जाता है.

**हाई-परफॉर्मेंस बैटरी और एडवांस सिस्टम**- दोनों स्कूटरों में हाई-परफॉर्मेंस बैटरी लगाई गई है, जो ज्यादा टॉर्क जनरेट करती है. इसके साथ SMG Silent Start और Stop & Start System (SSS) जैसी सुविधाएं मिलती हैं. इससे न सिर्फ राइडिंग आसान बनती है बल्कि बेहतर माइलेज और फ्यूल की बचत भी होती है.

**Fascino S में TFT डिस्प्ले और नेविगेशन**- Fascino S 125 अब हाई-टेक TFT डिस्प्ले और नेविगेशन सिस्टम के साथ आता है. इसमें कलर TFT इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और टर्न-बाय-टर्न नेविगेशन मिलता है. Y-Connect ऐप और Google Maps सपोर्ट के जरिए राइडर को रियल-टाइम डायरेक्शन, इंटरसेक्शन अलर्ट और रोड नेम्स देखने को मिलते हैं. इससे शहर में नेविगेशन बेहद आसान हो गया है.

**नए कलर्स और स्टाइलिश डिजाइन**- यामाहा ने अपने नए स्कूटरों को और भी अट्रैक्टिव बनाने के लिए कई नए कलर ऑप्शंस पेश किए हैं. Fascino

**इंजन और फीचर्स**- यामाहा ने इन स्कूटरों में 125cc ब्लू कोर हाइब्रिड इंजन दिया है . इसके साथ टेलिस्कोपिक सस्पेंशन, साइड स्टैंड इंजन कट-ऑफ सिस्टम और 21-लीटर अंडर-सीट स्टोरेज जैसी सुविधाएं मौजूद हैं . ये स्कूटर E20 फ्यूल कम्पैटिबिलिटी और बेहतर माइलेज के साथ आते हैं . Fascino S और RayZR Street Rall4 मॉडल्स में Answer Back फीचर और LED DRL भी

# लैम्बॉर्गिनी की नई सुपरकार ने तोड़ी स्पीड और पावर की हदें

**मोंटेरे** कार वीक 2025 में लैम्बॉर्गिनी ने अपनी नई सुपरकार फेनोमेनो से पर्दा उठा दिया है. यह सीमित-संख्या वाला मॉडल कंपनी के सेंट्रो स्टाइल डिजाइन स्टूडियो के 20 साल पूरे होने का जश्न मनाने के लिए बनाई गई है. इस मौके पर कंपनी के प्रेसिडेंट और सीईओ स्टीफन विंकेलमान ने कार की परफॉर्मेंस, डिजाइन और भविष्य की योजनाओं पर खुलकर बातचीत की.

लैम्बॉर्गिनी फेनोमेनो बेहद एक्सक्लूसिव कार है. कंपनी सिर्फ 29 यूनिट्स बनाएगी और एक जीरो कार अपने पास रखेगी. विंकेलमान ने बताया कि इसकी कीमत 3 से 3.5 मिलियन यूरो (करीब 27 से 32 करोड़ रुपये) के बीच होगी. उन्होंने कहा कि लैम्बॉर्गिनी की ऐसी फिउ-ऑफ प्रोजेक्ट कारें 2007 से शुरू हुई थीं और अब यह ब्रांड की पहचान का हिस्सा बन गई हैं.

**धांसू परफॉर्मेंस और स्पीड**- फेनोमेनो पूरी तरह से कार्बन-फाइबर बॉडी के साथ आती है और इसमें कस्टम कलर्स और मैटेरियल के साथ पर्सनलाइजेशन का ऑप्शन है.

- 0 से 100 किमी प्रति घंटा की स्पीड पकड़ने में सिर्फ 2.4 सेकंड लगते हैं.
- से 200 किमी प्रति घंटा की रफ्तार 6.7 सेकंड में हासिल हो जाती है.
- इसकी टॉप स्पीड 350 किमी प्रति घंटा से ज्यादा है.

**अब तक का सबसे ताकतवर V12 इंजन**- फेनोमेनो को लैम्बॉर्गिनी का अब तक का सबसे पावरफुल इंजन मिला है. इसमें 6.5-लीटर नैचुरली एस्पिरेटेड V12 इंजन दिया गया है, जो 823 hp की ताकत पैदा करता है. इसके साथ तीन इलेक्ट्रिक मोटर्स भी जुड़े हैं, जिससे कुल आउटपुट 1,064 hp तक पहुंच जाता है.

नया 8-स्पीड ड्यूल-क्लच गियरबॉक्स एक इलेक्ट्रिक मोटर के साथ इंटीग्रेटेड है. फ्रंट एक्सल पर लगी दो ऑयल-कूल्ड मोटर्स टॉर्क वेक्टरिंग और रिजनरेटिव ब्रेकिंग संभालती हैं. 7 kWh की हल्की बैटरी से कार करीब 20 किमी तक पूरी तरह इलेक्ट्रिक मोड में चलाई जा सकती है.



# टोयोटा कैमरी स्प्रिंट एडिशन लॉन्च

**टोयोटा** ने भारत में अपनी फ्लैगशिप सेडान कैमरी का नया स्प्रिंट एडिशन लॉन्च कर दिया है. जिसकी कीमत करीब साढ़े 48 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) रखी गई है. यह कैमरी का पहला स्पेशल एडिशन है, जो नवंबर 2024 में 8वीं जनरेशन मॉडल लॉन्च होने के बाद पेश किया गया है.

इस एडिशन में ज्यादा स्पोर्टी लुक और नए फीचर्स जोड़े गए हैं, हालांकि इसमें पहले की तरह हाइब्रिड पावरट्रेन ही मिलेगा, जो इसकी खास पहचान रहा है. कैमरी 2002 से भारत में बिक रही है और लग्जरी सेडान सेगमेंट में अपनी अलग जगह बनाए हुए है.




**डिजाइन में बदलाव**- स्प्रिंट एडिशन को आम कैमरी से अलग दिखाने के लिए कई कॉस्मेटिक बदलाव किए गए हैं. इसमें डुअल-टोन पेंट स्कीम दी गई है, जहां बॉडी के कलर्स के साथ बोनट, रूफ और बूट पर मैट ब्लैक फिनिश मिलता है. इसमें मैट ब्लैक अलॉय व्हील्स और खास स्पोर्ट्स किट दी गई है. जिसमें बदले हुए फ्रंट और रियर बॉडी किट्स और पीछे स्पॉइलर शामिल हैं. इन बदलावों से कैमरी का लुक ज्यादा आक्रामक और स्पोर्टी दिखाई देता है, जो इसे एग्जीक्यूटिव कार की पारंपरिक छवि से अलग करता है.

**फीचर्स और सुरक्षा**- अंदर की तरफ कैमरी स्प्रिंट एडिशन में और भी लग्जरी और सेफ्टी फीचर्स जोड़े गए हैं. इसमें एंबिएंट लाइटिंग और डोर वार्निंग लैंप शामिल किए गए हैं. बाकी कैमरी के प्रीमियम फीचर्स भी इसमें मौजूद हैं.

# होंडा ने लॉन्च किया एनिवर्सिरी एडिशन

**भारतीय** बाजार में कई सेगमेंट में वाहनों की बिक्री करने वाली प्रमुख दो पहिया निर्माता होंडा मोटरसाइकिल और स्कूटर इंडिया की ओर से दो स्कूटर और एक बाइक को खास एडिशन के साथ लॉन्च किया गया है. एनिवर्सिरी एडिशन के साथ निर्माता की ओर से किन स्कूटर्स और बाइक को लॉन्च किया है. इनमें किस तरह की खासियत दी गई हैं. किस कीमत पर इनको खरीदा जा सकता है. हम आपको इस खबर में बता रहे हैं.

**लॉन्च हुआ एनिवर्सिरी एडिशन**- होंडा मोटरसाइकिल और स्कूटर इंडिया की ओर से भारत में 25 साल पूरे होने पर एनिवर्सिरी एडिशन को लॉन्च किया गया है. निर्माता की ओर से इस एडिशन के साथ दो स्कूटर और एक बाइक को लॉन्च किया गया है.

**क्या है खासियत**- होंडा की ओर से इस एडिशन में नए रंग, ग्राफिक्स और एनिवर्सिरी एडिशन की बैजिंग को दिया गया है. एक्टिवा 110 और एक्टिवा 125 में सीट और इनर पैनल पर कैफे ब्राउन फिनिश, पर्ल सायरन ब्लू और मैट स्टील ब्लैक मेटेलिक रंगों को दिया गया है. यह एडिशन स्कूटर के DLX वेरिएंट में ही उपलब्ध होगा. वहीं होंडा ने SP 125 के एनिवर्सिरी एडिशन में खास ग्राफिक्स, एलईडी हेडलाइट, 42 इंच डिस्प्ले, टाइप सी चार्जिंग पोर्ट, पाइराइट ब्राउन मेटेलिक अलॉय व्हील्स को दिया गया है.

**बुकिंग हुई शुरू**- होंडा से मिली जानकारी के मुताबिक एनिवर्सिरी एडिशन होंडा एकटिवा और SP125 के लिए बुकिंग को शुरू कर दिया गया है. इनको ऑनलाइन और ऑफलाइन बुक करवाया जा सकता है. लेकिन एनिवर्सिरी एडिशन को सिर्फ अगस्त तक ही डीलरशिप पर बिक्री के लिए उपलब्ध करवाया जाएगा.

